राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 27 नवंबर 2014 को आयोजित बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 27 नवंबर 2014 को प्रात: 11.30 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम बैठक मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यांवयन समिति के सदस्य

श्री एस के सोनी, अध्यक्ष

श्री के वी एस बाबा, सदस्य

श्री एम के गुप्ता, सदस्य

श्री एस आर नरसिंम्हन, सदस्य

श्री आर पिपलोनिया, सदस्य

श्री समीर सक्सेना, सदस्य,

श्री हरीश राठौर,सदस्य

श्री के सी सैनी, सुश्री बिंदिया जैन

श्री अनिल मेहता, नोडल अधिकारी(राजभाषा)

1.0 सर्वप्रथम नोडल अधिकारी अनिल मेहता ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया |

2.0 अध्यक्ष महोदय ने गत बैठक की समीक्षा की और राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और सभी विभागाध्यक्षों से अपने अपने विभाग में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने को बढ़ावा देने हेतु आग्रह किया |

3.0 अध्यक्ष महोदय ने महाप्रबंधक (कैंद्रीय आयोजना एवं संविदा विभाग) के स्थान पर श्री आर पिपलोनिया को सदस्य के रूप में मनोनीत करने हेतु अपना अनुमोदन दिया |

4.0 अध्यक्ष महोदय ने तकनीकी शब्दावली के शब्दों को सूचना प्रद्योगिकी विभाग को पोसोको की वेबसाईट के साथ साथ क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों की वेबसाईटों पर लोड करने हेतु कहा | इसके अलावा तकनीकी शब्दों को नियंत्रण कक्ष में बाहरी जाने वाली लागबुक के पीछे सल्ग्न करने हेतु कहा जिससे लागबुक भरते हुए हिन्दी के शब्दों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सके |

5.0 अध्यक्ष महोदय ने अखिल भारतीय मानचित्र पर भी एक क्लिक करने से सभी स्टेशनों व राज्यों के नाम हिन्दी में आ जाएँ जिससे हिन्दी भाषी को कार्य करने में जंहा आसानी हो, इस पर सूचना प्रद्योगिकी विभाग को कार्य करने हेतु आग्रह किया |

6.0 अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों को राजभाषा हिन्दी के कार्यों के विषय में कार्य करने में नवीनता लाने पर भी ज़ोर दिया |

6.0 अंत में नोडल अधिकारी(राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने हेतु धन्यवाद दिया |

अवलोकानार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मेहता 27/11/14

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)

दिनांक 27 नवंबर 2014

मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन) — 1/12/14.

कार्यपालक निदेशक(रा भा प्रे के) — 1.12-14

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पोसोको) — 1/12/14